वार्षिक प्रतिवेदन
2014-15

USACS

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

एच.आई.वी./एड्स से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।

Website: www.uasacs.org

नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से ही
सुरक्षित रक्त प्राप्त किया जा सकता है।
18–65 वर्ष की आयु का कोई
भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने
में एक बार रक्तदान कर सकता है।
"रक्तदान" "जीवनदान" "महादान"
रक्तदान कीजिये - जीवन उपहार दीजिये
Donate Blood & Give a Gift of Life
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।

करें वही जो बच्चे
के लिए है सही
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।

एच.आई.वी./(HIV) संक्रमित व्यक्ति के साथ खेलने,
खाने या रहने से एच.आई.वी. संक्रमण नहीं होता।
संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव नाइंसाफी है।
एच.आई.वी./एड्स पर अधिक
जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाईन
सेवा 1097 पर कॉल करें।
थूक की जांच से शरीर में एच.आई.वी. की उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

हमेशा नई सुई एवं
सिरिंज का इस्तेमाल करें
दूसरों द्वारा प्रयोग की गई सुई एवं सिरिंज
से एचआईवी संक्रमण हो सकता है
अपने सामने ही नया पैकेट खुलवा
कर सुई लगवाएं
अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें।
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

वार्षिक प्रतिवेदन 2014-15

Annual Report 2014-15

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशालय

डांडा लखौण्ड, पो0ओ0 गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून

दूरभाष: 0135–2608885, फैक्स 2608745, **Email: uttaranchalsacs@gmail.com Website: www.uasacs.org**

अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नम्बर 1097 पर कॉल करें

विषय सूची

1	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना	05
2	एस.टी.आई./आर.टी.आई.	08
3	रक्त सुरक्षा कार्यक्रम	09
4	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी.)	12
5	सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.)	13
6	यूथ अफेयर	17
7	मेनस्ट्रीमिंग	18
8	देखभाल, सहयोग एवं उपचार	20
9	लैब सर्विसेस	25
10	समाचार पत्र – सुर्खियाँ	26
11	आई.ई.सी. सामग्री	28
12	यूसैक्स में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचाारियों की सूची	30
13	लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना में कार्यरत एन.जी.ओ. की सूची	32
14	रक्तकोषों की सूची	36
15	सुरक्षा क्लीनिक की सूची	37
16	एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्रों की सूची	38
17	ए.आर.टी. केन्द्रो एवं लिक ए.आर.टी. केन्द्रो की सूची	41
18	ओ.एस.टी. केन्द्रो की सूची	42
19	संक्षिप्तीकरण	43

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना

(अप्रैल 2014-मार्च 2015)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 36 गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से उच्च जोखिम समूहों के मध्य कार्य किया जा रहा है जहां एच.आई.वी. संक्रमण की अधिक संवेदनशीलता है। उच्च जोखिम समूहों को "कोर ग्रुप" एवं "ब्रिज पोपुलेशन" में विभाजित किया गया है। "कोर ग्रुप" के अन्तर्गत महिला यौनकर्मी, इन्जेक्टिंग ड्रग यूजर्स एवं समलिंगी (एम0एस0एम0) एवं ब्रिज पापुलेशन के अन्तर्गत ट्रक ड्राईवर एवं माइग्रेंट्स के मध्य कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2014–15 में अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक राज्य में उच्च जोखिम समूहों की अनुमानित संख्या 146430 के सापेक्ष 150955 लाभार्थियों को लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत सेवायें प्रदान की गई।

Typology	Estimation as per Site Assessment	Target	No. of Registered Population	% of Achievement
FSW	7250	6950	5454	78%
MSM+TG	2080	2080	1948	94%
IDU	2100	2100	1760	84%
Migrants	95000	95000	106170	112%
TRUCKERS	40000	40000	35623	89%
Total	**146430**	**146130**	**150955**	**103%**

Table : Coverage of HRGs in the Year 2014-15(April 2014-March 2015)

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु वर्ष 2014–15 में माह अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक 34923 लाभार्थियों की एच0आई0वी0 की जांच की गयी जिसमें से कुल 42 एच0आई0वी0 पॉजिटिव पाये गये जिसमें से 35 को ए0आर0टी0 में सन्दर्भित कर उचित सेवायें प्रदान की गयी। लाभार्थियों की एच0आई0वी0 जांच हेतु एन0एच0एम0 के अन्तर्गत उपलब्ध सेवाओं से भी समन्वय स्थापित कर सेवायें प्रदान की गयी। राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा स्थापित आई0सी0टी0सी0 केन्द्रों के अतिरिक्त फैसिलिटि आई0सी0टी0सी, मोबाइल आई0सी0टी0सी0, मोबाइल मेडिकल वैन, कम्युनिटी केयर सैन्टर एवं अरबन हैल्थ सैन्टर में एच0आई0वी0 की जांच की गयी एवं एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की जांच की गयी।

Typology	April 2014 to March 2015		
	No. of Active Population	No. of Tested for HIV	% of Achievement
FSW	6950	8426	121%
MSM+TG	2080	3196	153%
IDU	2100	2890	138%
Migrants	95000	17347	18%
Truckers	40000	3064	7.66%
Total	**146130**	**34923**	**23.89%**

वर्ष 2014–15 में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत गैर सरकारी संस्थाओं के चयन हेतु संस्थाओं के एम्पेनलमेंट प्रक्रिया पूर्ण की गयी एवं वार्षिक कार्य योजना के अनुरूप 5 संस्थाओं का चयन किया गया। चयनित 5 संस्थाओं हेतु 12 मार्च 2015 को प्रपोजल डेवल्पमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थाओं के चयन के उपरान्त कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु इन संस्थाओं के साथ अनुबन्ध कर लक्ष्यों के अनुरूप आवंटन किया गया।

संस्थाओं का मूल्यांकन: वर्ष 2014–15 में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत 6 गैर सरकारी संस्थाओं का मूल्यांकन 20–30 मार्च 2014 को किया गया। उक्त मूल्यांकन में सभी 6 संस्थायें सफल पायी गयीं।

एस0टी0आई0 / आर0टी0आई0 – यौन रोग एच0आई0वी0 / एड्स के संक्रमण को बढ़ावा देती है एवं यौन रोगियों में एच0आई0वी0 संक्रमण लगभग 30 प्रतिशत अधिक होने की संभावना रहती है। वर्ष 2014–15 में माह अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक 34923 लाभार्थियों ने एस0टी0आई0 सेवाओं हेतु उपस्थिति दर्ज की गयी एवं एस0टी0आई0 ग्रसित व्यक्तियों का उपचार किया गया।

कण्डोम प्रमोशन– एच0आई0वी0 / एड्स कार्यक्रम में कण्डोम प्रमोशन भी एक महत्वपूर्ण मद है। एच0आर0जी0 के मध्य मुफ्त कण्डोम वितरण के अतिरिक्त सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्थाओं द्वारा सराहनीय प्रयास किया गया। वर्ष 2014–15 में माह अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक मांग के सापेक्ष शत प्रतिशत कण्डोम वितरित किया गया एवं सोशल मार्केटिंग के माध्यम से भी कण्डोम उपलब्ध कराया गया। कण्डोम प्रमोशन के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में एच0आई0वी0 / एड्स को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई एवं यौन रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित कमी पायी गई।

उक्त के क्रम में नाको–भारत सरकार द्वारा चयनित HLFPPT द्वारा राज्य के तीन जनपदों में कण्डोम सोशल मार्केटिंग के माध्यम से कण्डोम प्रमोशन की गतिविधियां संचालित की गयीं। उक्त कार्यक्रम 4 दिसम्बर 2014 को सम्पन्न हुआ। कण्डोम प्रमोशन हेतु टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप(नाको भारत सरकार) की महत्वपूर्ण भूमिका रही एवं टैक्नीकल सपोर्ट ग्रुप द्वारा उचित सहयोग प्राप्त हुआ।

एम्लायर लेड माडल (Employer Led Model)–

एच0आई0वी0 / एड्स की रोकथाम हेतु राज्य में स्थापित विभिन्न उद्योगों के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने हेतु प्रयास किये गये। इसी क्रम में 5 अगस्त 2014 हरिद्वार में बी0एच0ई0एल0 के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें श्री संजय सिंह बिष्ट, उप निदेशक–टी0आई0–यूसैक्स, श्री ओम प्रकाश सिंह सहायक निदेशक–टी0आई–यूसैक्स, श्री सुनील सिंह, सहायक निदेशक–आई0सी0टी0सी0– यूसैक्स एवं श्री महेन्द्र पंचोली, टीम लीडर–टी0एस0यू0–यूसैक्स द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं बी0एच0ई0एल0 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित किया गया।

12 अगस्त 2014 को हरिद्वार में बी0एच0ई0एल0 के साथ बैठक आयोजित की गयी जिसमें डा0 राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर परियोजना निदेशक, यूसैक्स, श्री संजय सिंह बिष्ट, उप निदेशक–टी0आई0–यूसैक्स एवं श्री महेन्द्र पंचोली, टीम लीडर–टी0एस0यू0–यूसैक्स द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं बी0एच0ई0एल0 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एच0आर0 मैनेजर के साथ समन्वय स्थापित किया गया।

इसी क्रम में जनपद उधमसिंह नगर में कार्यरत उद्योगों के सी0एस0आर0 एवं एच0आर0 मैनेजर हेतु दिनांक 26 दिसम्बर 2014 को टाटा मोटर्स पन्तनगर प्लांट उधमसिंह नगर में ई0एल0एम0 के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा मोटर्स, अशोक लेलेण्ड, सेंचुरियन पल्प सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यशाला में अपर परियोजना निदेशक के नेतृत्व में SACS/TSU के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा एच0आई0वी0 / एड्स एवं ई0एल0एम0 का अभिमुखीकरण किया गया एवं कम्पनियों को आई0ई0सी0 सामग्री वितरित की गयी। कम्पनियों के साथ ई0एल0एम0 के अन्तर्गत एच0आई0वी0 / एड्स की रोकथाम हेतु कार्य योजना तैयार की गयी एव नाको–भारत सरकार के अनुरूप कपंनियों से सहयोग हेतु मैमोरेन्डम आफ अण्डरस्टैंडिंग पर विस्तृत चर्चा की गयी। यह कार्यक्रम टाटा मोटर्स द्वारा प्रायोजित किया गया।

एम्लायर लेड माडल(Employer Led Model) के अन्तर्गत उद्योगों के कार्पोरेट सोशल रिसपोंसबिलिटी(CSR) के माध्यम से एच0आई0वी0 / एड्स की रोकथाम हेतु इन क्षेत्रों में कार्यरत कार्मिकों हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जाने हैं। उक्त कार्य हेतु कार्य योजना तैयार किये जाने में समिति द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। एम्लायर लेड माडल(Employer Led Model) के अन्तर्गत 9 कम्पनियों के साथ मेमोरेन्डम आफ अन्डरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर किया जा चुका है।

चित्र–1 एम्लायर लैड माडल के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करते अपर परियोजना निदेशक एवं कम्पनियों के प्रतिनिधि

ओ0एस0टी0 सेन्टर – वर्ष 2014–15 में नाको द्वारा प्राप्त अनुमोदन के क्रम में सुई से नशा करने वालों (IDUs) में एच0आई0वी0 का संक्रमण के जोखिम को कम करने एवं एच0आई0वी0 की रोकथाम हेतु जनपद नैनीताल(बनभूलपुरा), जनपद देहरादून(प्रेमनगर), जनपद उधमसिंह नगर(रूद्रपुर एवं काशीपुर) एवं जनपद हरिद्वार में पांच ओ0एस0टी0 केन्द्रों के माध्यम से 500 आई0डी0यू0 को उचित दवाओं के माध्यम से सेवायें दी गयीं। इस कार्यक्रम के फलःस्वरूप आई0डी0यू0 सुई से नशा करने के स्थान पर चिकित्सक द्वारा दी गयी दवाओं का सेवन कर अपना बेहतर जीवन यापन करते हैं एवं इससे सुई द्वारा एच0आई0वी0 के संक्रमण की रोकथाम भी संभव हो पा रही है।

क्षमता विकास – लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टी0आई0) के अन्तर्गत कार्य कर रही संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों (परियोजना प्रबन्धक, परामर्शदाता, लेखाकार) की क्षमता विकास हेतु वर्ष 2014–15 में अब तक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नाको–भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये ट्रेनिंग माड्यूल के अनुरूप किये गये। इसी क्रम में कुमाऊँ मण्डल में कार्यरत TI-NGO's (लक्ष्यगत हस्तक्षेप संस्थाओं) के प्रतिनिधियों(परियोजना प्रबन्धक एवं आउटरीच वर्कर) हेतु इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन (IPC) पर आई0ई0सी0 अनुभाग के सहयोग से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ओ0एस0टी0 केन्द्रों के चिकित्सकों एवं अन्य कार्मिकों हेतु विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

चित्र–2. विश्व एड्स दिवस में प्रतिभाग करते टी0आई0 संस्थाओं के प्रतिनिधि

एस०टी०आई/आर०टी०आई०
प्रगति आख्या (माह अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015)

असुरक्षित यौन सम्बन्ध क्रियाओं से फैलने वाले रोग तथा यौन अंगों से सम्बन्धित रोग (एस0टी0आई0/आर0टी0आई0) भारत में एक मुख्य जन स्वास्थ्य समस्या है। विभिन्न सर्वेक्षणों में पाया गया है कि सामान्यतः वयस्क व्यक्तियों में 5 से 6 प्रतिशत लोग यौन सम्बन्ध से फैलने वाले तथा यौन अंगों से सम्बन्धित रोग से प्रभावित होते हैं। देखा गया है कि सरकारी चिकित्सालयों में बहिरंग रोगी विभाग में लगभग 6 प्रतिशत पुरूष तथा 12 प्रतिशत महिलायें यौन सम्बन्धी रोगों के लक्षणों वाले होते हैं।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की व्यापकता, एच0आई0वी0 के लिये एक महत्वपूर्ण सूचक है क्योंकि दोनों के संक्रमण का एक मार्ग समान होता है। उल्लेखनीय है कि एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 से संक्रमित व्यक्ति के एच0आई0वी0 के संक्रमित होने एवं दूसरे को संक्रमण फैलाने की सम्भावना, सामान्य व्यक्तियों से काफी अधिक होती है। एस0टी0आई0/ आर0टी0आई0 को नियन्त्रित कर एच0आई0वी0 संक्रमण के दर को कम किया जा सकता है तथा एच0आई0वी0 की रोकथाम तथा प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रशिक्षित परामर्शदाता द्वारा सलाह दी जाती है।

राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण संगठन (नाको) का एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार का प्राविधान, एच0आई0वी0 के संक्रमण के फैलाव को रोकने तथा लैंगिक तथा प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण योजना है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार लक्षणों के आधार एवं सिफिलिस जांच के परिणाम पर किया जाता है तथा उपचार नाको, गाइडलाईन के अनुसार ही प्रदान किया जाता हैं।

एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें जिला स्तर के चिकित्सालयों एवं कुछ चयनित अन्य चिकित्सालयों में नाको द्वारा राज्य एड्स नियन्त्रण समिति की ओर से प्रदान की जाती है, जिन्हें (Designated STI/RTI Clinic-DSRC) सुरक्षा क्लीनिक के नाम से जाना जाता है। नाको द्वारा प्रत्येक सुरक्षा क्लीनिक में एक परामर्शदाता की तैनाती की गयी है तथा निःशुल्क औषधि प्रदान की जाती है, साथ ही सिफिलिस की जांच भी की जाती है। अन्य चिकित्सालयों में यह सेवायें एन0एच0एम0 द्वारा प्रदान की जाती हैं।

वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में कुल 27 सुरक्षा क्लीनिक स्थापित है जिसमें 28 (01 अतिरिक्त परामर्शदाता दून महिला चिकित्सालय में) एस0टी0आई0 परामर्शदाता तैनात है। वित्तीय वर्ष 2014–15 में दो नये सुरक्षा क्लीनिक संयुक्त चिकित्सालय, प्रेमनगर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डोईवाला में स्थापित किये गये है।

उच्च जोखिम व्यवहार वाले व्यक्तियों में एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से प्रदान की जाती हैं। वर्तमान में 36 स्वयं सेवी संस्थाओं के द्वारा यह सेवायें प्रदान की जा रही हैं।

माह अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015 तक कुल 29103 मरीजों का सुरक्षा क्लीनिक में उपचार किया गया।

रक्त संचरण सेवा कार्यक्रम

रक्त संचरण सेवायें राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है। असुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों के कारण एच0आई0वी0 संक्रमण की संभावना 100 प्रतिशत बनी रहती है, इसलिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि सुरक्षित रक्त की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में बनी रहे, जिसके लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में रक्त सुरक्षा कार्यक्रम को एक खास वरीयता दी गयी है।

राज्य में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त की उपलब्धता हेतु स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस हेतु राज्य के समस्त जिलों में समय–समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर लाईसेन्सयुक्त रक्तकोषों के माध्यम से लगाये जाते हैं। प्रदेश में स्थापित रक्तकोष निम्नानुसार हैः–

कुल रक्तकोष	–	**27**
राज्य सरकार	–	**17**
केन्द्र सरकार	–	**03**
निजी	–	**07**

वित्तीय वर्ष 2014–15 (अप्रैल–मार्च) में प्रस्तावित लक्ष्य के क्रम में प्राप्त लक्ष्य निम्न प्रकार हैः–

क्र.सं0	विवरण	प्रस्तावित लक्ष्य	प्राप्त लक्ष्य
1	कुल एकत्रित रक्त यूनिटों की संख्या	85800	115000
2	कुल स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त	77220	106171
3	स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत	90%	92.32%
4	कुल एकत्रित रक्त यूनिटों की संख्या (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	80000	102756
5	स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त यूनिट (नाको सहायतित रक्तकोषों में)	70000	96782
6	कुल रक्तदान शिविर	572	786

वित्तीय वर्ष 2014–15 में रक्त सुरक्षा अनुभाग द्वारा विभिन्न विशेष दिवसों का राज्य एवं जनपद स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं को एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में सहयोग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं0	कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रम में एकत्रित रक्त यूनिट	सम्मानित संस्था/व्यक्तियों की संख्या	
			रक्तदाता	संख्या
1	अन्तराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस (8 मई)	57	-	-
2	विश्व रक्तदाता दिवस (14 जून) अभियान	8748	515	160
3	राष्ट्रीय रक्तदान दिवस (14 अक्टूबर) अभियान	7867	207	135

वित्तीय वर्ष 2014–15 (अप्रैल–मार्च) में रक्त सुरक्षा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड द्वारा किये गये कार्यों का विवरण

प्रशिक्षण

- रक्तकोषों को सुचारू रूप से चलाने व सुरक्षित रक्त की आपूर्ति हेतु एच0आई0एच0टी0, जौलीग्रांट, देहरादून में नाको सहायतित रक्तकोषों में कार्यरत लैब टैक्नीशियनों हेतु चार दिवसीय (एक दिवसीय इक्वास एवं तीन दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं कुल रक्त एकत्रण का 90 प्रतिशत रक्त स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से एकत्र किये जाने के उद्देश्य से निम्न कार्यक्रम करवाये जाते हैः–

डोनर मोटिवेटर्स प्रशिक्षण कार्यक्रमः–

जन–मानस को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित किये जाने हेतु जनपद स्तर पर डोनर मोटिवेटर्स ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नियमित स्वैच्छिक रक्तदान का संदेश दिया जाता है, ताकि वह Replacement एवं Professional डोनेशन के द्वारा होने वाले खतरों को जान सकें, जैसे कि हिपेटाटिस–बी, सी, एच0आई0वी0 का विण्डो पीरियड के दौरान दूसरे व्यक्ति को संक्रमित होने के खतरों को समझ पायें। 100 प्रतिशत नियमित स्वैच्छिक रक्तदान से इन बीमारियों के संक्रमण का खतरा लगभग समाप्त किया जा सकता है। इसी क्रम में नैनीताल एवं उधमसिंह नगर जिलें में मोटिवेटर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 303 मोटिवेटरो को प्रशिक्षण दिया गया।

मोटिवेशन टॉकः–

स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम के प्रति जन–मानस में जागरूकता फैलाने एवं जानकारी दिये जाने के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जनपदों

हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, उधमसिंहनगर, इत्यादि के विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी संस्थानो में सहायक निदेशक–स्वैच्छिक रक्तदान, यूसैक्स द्वारा 200 मोटिवेशनल टॉक के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया जिसके परिणामस्वरूप स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का संचालन कर स्वैच्छिक रक्तदान दर को 92.32 प्रतिशत तक ले जाया गया।

विद्यालय शिक्षा कार्यक्रमः–

सुरक्षित रक्त की महत्ता को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लक्ष्य से तथा (14–17) वर्ष के युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान अभियान से जोड़ने के उद्देश्य एवं भावी रक्तदाता बनने के लिये विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में वित्तीय वर्ष 2014–15 में विभिन्न जनपदों (नैनीताल एवं देहरादून) में कुल 06 स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा जिनमें 1478 छात्र/छात्राओं को व्याख्यान (Lecture) एवं नाटक किया गया।

बीट एनीमिया कार्यक्रमः–

महिलाओं में रक्त की कमी होने के कारण वे रक्तदान देने के इच्छुक होने के बावजूद भी स्वैच्छिक रक्तदान नहीं कर पाती हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2014–15 में विभिन्न जनपदों (देहरादून, हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर) में लगभग 03 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों द्वारा 307 महिलाओं के Hb% की जांच की गयी। उन्हें संतुलित आहार एवं रक्तदान की महत्ता की जानकारी देकर उन्हें स्वैच्छिक रक्तदान की तरफ प्रेरित किया गया।

ब्लड मोबाईल बसः–

नाको–भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के माडल ब्लड बैंक दून चिकित्सालय, देहरादून हेतु एक ब्लड मोबाईल बस प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2014–15 में ब्लड मोबाईल बस के माध्यम से विभिन्न स्थानों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।

- कुल रक्तदान शिविर – 39
- कुल एकत्रित रक्त यूनिट – 1652

रक्त की गुणवत्ता (Quality of Blood) एवं रक्त संचरण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिए निम्न बैठकों का आयोजन किया जाता हैः–

कोर कमेटीः–

जनपदवार स्थापित नाको सहायतित रक्तकोषों में गुणवत्ता सुधार हेतु कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 (अप्रैल–सितम्बर) में कोर कमेटी सदस्यों द्वारा जनपद ऋषिकेश, रूड़की एवं हरिद्वार का भ्रमण किया गया।

सुपरवाईजरी विजिटः–

रक्त सुरक्षा अनुभाग द्वारा काशीपुर, पिथौरागढ़, रानीखेत, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, हरिद्वार रूड़की ऋषिकेश, रूद्रपुर एवं नैनीताल में स्थापित राजकीय रक्तकोषों की सुपरवाईजरी विजिट की गयी।

राज्य रक्त संचरण परिषद्, उत्तराखण्ड :–

प्रदेश में राज्य रक्त संचरण परिषद् की स्थापना, राष्ट्रीय रक्त संचरण परिषद् के निर्देशों को राज्य में लागू कराने के उद्देश्य से की गयी है। नीति निर्णयन (Policy Decision) प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण/अध्यक्ष, राज्य रक्त संचरण परिषद् की अध्यक्षता में गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिये जाते हैं, जिसमें परियोजना निदेशक, यूसैक्स/उपाध्यक्ष, राज्य रक्त संचरण परिषद् एवं राज्य की रक्त संचरण सेवाओं के तकनीकी सदस्य होते हैं। राज्य रक्त संचरण परिषद् की गवर्निंग बॉडी की प्रथम बैठक दिनांक 24 जुलाई, 2014 को आहुत की गयी।

सुरक्षित रक्त, स्वास्थ्य सेवा का एक अति महत्वपूर्ण अंग है, जिसके लिए उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति का रक्त संचरण सेवा अनुभाग एवं राज्य रक्त संचरण परिषद् संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। साथ ही वित्तीय वर्ष 2014–15 में स्वैच्छिक रक्तदान का कुल 92.32 प्रतिशत तथा नाको सहायतित रक्तकोषों में 94.19 प्रतिशत रहा तथा इसे शत प्रतिशत करने हेतु निरन्तर प्रयासरत हैं।

विशेष कार्यक्रम :–

वित्तीय वर्ष 2014–15 में राष्ट्रीय रक्तदान दिवस एवं माह भर अभियान के अन्तर्गत कुमायूं (हल्द्वानी) तथा गढ़वाल (देहरादून) में सहायक निदेशक–स्वैच्छिक रकतदान द्वारा दो विशेष कार्यक्रम (Quiz competition Theme स्वैच्छिक रक्तदान) किये गये है जिनमें 900 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम युवा वर्ग को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने तथा उन्हे प्रेरित करने के उद्देश्य से सम्पादित किये गये।

युवा दिवस :–

युवा दिवस 12 जनवरी 2015 के उपलक्ष्य में सचिवालय परिसर देहरादून में रेड कास सोसाइटी, देहरादून के सहयोग से एक सेमिनार तथा विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 युनिट रक्त एकत्रित किया गया।

इंजीनियरिंग एसोसीयेशन :–

विशेष शिविर एस0बी0टी0सी0 एवं इंजीनियरिंग एसोसीयेशन के सहयोग से पूरे उत्तराखण्ड में दिनांक 15 सितम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें देहरादून में रक्त युनिट्स एकत्रित हुये। राजधानी देहरूदन में माननीय मुख्यमंत्री जी के करकमलों से शिविर का उद्घाटन किया गया।

मा वाराही मंदिर विशेष शिविर

दिनांक 07 अगस्त, 2014 को मा वाराही मंदिर देवीधुरा में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार देवीधुरा में माँ वाराही देवी मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष रक्षाबन्धन के अवसर पर श्रावणी पूर्णिमा को बग्वाल मेला लगता है। 'बग्वाल' एक तरह का पाषाण युद्ध है जिसमें एक दूसरों के ऊपर पत्थर बरसाते है। परिणामस्वरूप लोग लहुलूहान हो जाते है व रक्त की अधिक बर्बादी होती है। इस परम्परा को देखते हुए यूसैक्स द्वारा रक्तदान कार्यक्रम आरम्भ करने का निर्णय लिया गया। जिसमें स्थानीय युवाओ, एन0एस0एस0 विद्यार्थियों, पुलिस कर्मियों, उच्चतम न्यायालय कर्मियों एवं जिला प्रशासन के लोगों आदि द्वारा बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया गया। शिविर में कुल 40 ब्लड यूनिट्स रक्त एकत्रित किया गया।

उपरोक्त विशेष कार्यक्रमों एवं शिविरों में आई0ई0सी0 अनुभाग के सहयोग से नुक्कड़ नाटकों द्वारा भी स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया।

सम्मान समारोह डिपार्टमेन्ट ऑफ एड्स कन्ट्रोल, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 जून, 2014 को राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय दिल्ली के सभाकार मे उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

"रक्तदान" "महादान" "जीवनदान"

एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई.सी.टी.सी)

आई.सी.टी.सी. एवं पी.पी.टी.सी.टी. केन्द्र में एच.आई.वी./एड्स पर परामर्श एवं परीक्षण की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है जहाँ पर स्वयं एवं डॉक्टर की सलाह से जनसामान्य अपनी एच.आई.वी जांच एवं परामर्श की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाते है।

एच.आईवी./एड्स संक्रमण का पता, केवल रक्त की जांच करवाने से ही हो सकता है। परामर्श (काउन्सलिंग) सहायक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एच.आई.वी./एड्स के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपरक जानकारी प्रदान की जाती है तथा परामर्श द्वारा संक्रमित व्यक्ति को जीवन निर्वाह के लिए सकारात्मक प्रवृत्ति अपनाने एवं नेगेटिव लोगो को भविष्य में एच.आई.वी./एड्स से बचने के उपाय के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। उत्तराखण्ड राज्य में एच.आई.वी. परीक्षण की सुविधा सर्वप्रथम 2002 में दो केन्द्रों में शुरू की गयी तथा अभी तक राज्य में 49 स्टैन्डअलोन एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आई0सी0टी0सी0), 114 फेसिलिट आई0सी0टी0सी0 एवं 01 मोबाईल आई0सी0टी0सी0 तथा 12 पी0पी0पी0 मोड आई0सी0टी0सी0 स्थापित हैं। सभी केन्द्रों में एक परामर्शदाता एवं एक लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था की गयी है, जो कि जनसाधारण को एच.आई.वी/एड्स की जानकारी एवं बचाव के उपायों से सम्बन्धित जानकारी के साथ–साथ निःशुल्क एच. आई.वी. जांच की सुविधा प्रदान करते है।

आई.सी.टी.सी. कार्यक्रम की सफलता हेतु आई.सी.टी. सी. केन्द्रो को राज्य में चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे आर.एन.टी.सी.पी.(Revised National Tuberculosis Control Programme), टी.आई.(Targetted Intervention) एवं एस.टी.डी.(Sexual Transmitted Disease) क्लीनिक से जोड़ा गया है। प्रायः देखा गया है कि एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति अवसरवादी संक्रमण का शिकार हो जाता है, जिस में टी.बी प्रमुख अवसरवादी संक्रमण है, जिस हेतु आर.एन.टी.सी. पी द्वारा समस्त टी.बी मरीजों को एच.आई.वी जांच हेतु आई. सी.टी.सी केन्द्रों को संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा टी.बी के लक्षण पाये जाने वाले समस्त लोगों को टी.बी केन्द्रों में टी.बी की जाँच हेतु संदर्भित किया जाता है।

राज्य में चल रहे टी.आई. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 36 गैर सरकारी संगठन उच्च जोखिम व्यवहार वाले लोगों के साथ काम कर रहें है, जिन लोगों की साल में दो बार एच.आई.वी. जांच जरूरी हैं एवं उनके व्यवहार परिवर्तन की भी अत्यन्त आवश्यकता होती है जो कार्य आई.सी.टी.सी. केन्द्रों द्वारा बखुबी निभाया जा रहा है।

एस.टी.आई/आर.टी.आई संक्रमित व्यक्ति को एच. आई.वी. संक्रमण होने एवं दूसरो को संक्रमित करने का खतरा 10 प्रतिशत तक ज्यादा रहता है जिस हेतु राज्य में 27 एस.टी.आई/आर.टी.आई क्लीनिको की स्थापना की गयी है। जिसमें आने वाले लोगों को आई.सी.टी.सी. में संदर्भित किया जाता है एवं आई.सी.टी.सी. में आने वाले लोगों को एस.टी. आई. के लक्षण पाये जाने की स्थिति में एस.टी.आई. में संदर्भित किया जाता है।

साथ ही एच.आई.वी. संक्रमित पाये गये व्यक्तियों को सी.डी.– 4 जांच एवं इलाज के लिए ए.आर.टी. केन्द्रों में सन्दर्भित किया जाता है तथा समय–समय पर उनके साथ समन्वय स्थापित किया जाता है।

आई.सी.टी.सी.

- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक 93103 सामान्य लोगों की एच.आई.वी. की जांच की गयी, जिसमें 774 लोग एच.आई.वी. संक्रमित पाये गये जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक 92530 गर्भवती माताओं की एच.आई.वी. जांच की गयी, जिसमें 51 गर्भवती माताऐं एच.आई.वी. संक्रमित पायी गयी जिनको ए0आर0टी0 केन्द्रों को संदर्भित किया गया।
- टी.बी. क्लीनिकों से आई.सी.टी.सी. केन्द्रों में एवं आई.सी.टी. सी. केन्द्रों से टी.बी. क्लीनिको में अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक 9128 लोगों संदर्भित किया गया, जिसमें 42 लोग Co-infected पाये गये।
- अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक कुल 14621 उच्च जोखिम व्यवहार वाले लोगों की जांच की गयी।
- अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक कुल 20413 ब्रिज पोपुलेशन वाले लोगों की जांच की गयी।
- एस.टी.आई. से आई.सी.टी.सी. में कुल 9700 लोगों को एच. आई.वी की जांच हेतु संदर्भित किया गया।

आई.सी.टी.सी. मोबाईल वैन

राज्य में एच0आई0वी0/एड्स की जानकारी एवं परीक्षण हेतु एक आई. सी.टी.सी. मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है। वैन को विभिन्न आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है, वैन में एक परामर्शदाता, लैब टेक्नीशिन, चालक एवं अटेन्डेन्ट तैनात है, जो वैन में ही परामर्श एवं टेस्टीगं कर रिपोर्ट क्लाईन्ट को देते है।

सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई०ई०सी०)

एच0आई0वी0 कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा एवं संचार की एक अभिन्न रणनीति रही है चाहे वह एच0आई0वी0 संक्रमण के प्रभावी बचाव, रोकथाम या जागरूकता हो या इसका मुख्य उद्देश्य कलंक और भेदभाव को कम करना हो। आई0ई0सी0 का कार्य यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों के मध्य पहुँचाना है। वर्ष 2014–15 में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत प्रचार–प्रसार हेतु इलैक्ट्रोनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, आउटडोर मीडिया आदि के माध्यम से विभिन्न चैनल्स का प्रयोग किया गया।

विश्व एड्स दिवस पर आयोजित रैली

आई0ई0सी0 एवं मेनस्ट्रिमिंग के अन्तर्गत वर्ष 2014–15 में विश्व रक्तदाता दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, विश्व एड्स दिवस जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा एच0आई0वी0/एड्स, एस0टी0आई0, कलंक एवं भेदभाव एवं रक्तदान जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त टी0वी0 वार्ताये, आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी अल्मोड़ा, एवं रेडियो खुशी मसूरी से रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। उक्त दिवसों के अवसर पर समाचार पत्रों एवं विभिन्न पत्रिकाओं में विज्ञापन एवं लेख प्रकाशित किये गये। इन कार्यक्रमों में विभिन्न रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, डिबेट, प्रदर्शनी आदि गतिविधियां भी आयोजित की गई। फोक मीडिया द्वारा सभी जिलों में पहुंच कर नाकों, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत स्क्रिप्ट के माध्यम से जन–जन में एच0आई0वी0/एड्स विषय पर जानकारी दी गई।

आई0ई0सी0 गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की पठन सामग्री का प्रकाशन किया गया। इसके अतिरिक्त बस बैक पैनल, रेंटेड टैम्परेरी होर्डिंग, आउटर पैनल ऑन पैसेंजर ट्रेन, इन्फोमेशन पैनल एट सर्विस सेंटर, ग्लो साईन लोली पॉप बोर्ड, रेलवे स्टेशन पर ग्लो साईन बोर्ड आदि द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण बचाव एव रक्तदान जैसे विषयों पर संदेश प्रसारित किये गये।

संस्कृतिक दलों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार

नाको, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित स्क्रिप्ट पर यूसैक्स द्वारा 31 सांस्कृतिक दलों को प्रशिक्षित किया गया। जिसके अन्तर्गत एच0आई0वी0 बचाव पर सूचीबद्ध सांस्कृतिक दलों द्वारा उत्तराखण्ड के समस्त जिलों में जाकर एच0आई0वी0 संक्रमण व बचाव विषय पर नाटिका प्रस्तुती से जागरूकता अभियान चलाया गया।

हैल्प लाईनः– एन0एच0एम0 एवं यूसैक्स द्वारा एच0आई0वी0/एड्स पर जन सामान्य को जानकारी देने के लिए एक टोल फ्री हैल्प लाईन नम्बर 1800–180–1200 सेवा जो वित्तीय वर्ष 2012–13 में शुरू की गई थी उसे इस वर्ष 2014–15 में भी संचालित रखा गया। संस्था द्वारा प्रत्येक माह कॉल के रिकार्ड, ट्रांसक्रिप्ट सहित यूसैक्स को प्रेषित किये गये हैं। उक्त हैल्पलाईन सेवा का प्रचार–प्रसार यूसैक्स व संस्था के स्तर से किया जाता रहा है।

रेलवे स्टेशनों पर स्थापित ग्लोसाइन बोर्ड

बल्क एस0एम0एस0:– यूसैक्स द्वारा कुल 06 लाख एस0एम0एस0 दो अवसरों राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं विश्व एड्स दिवस पर

विभिन्न उपभोगताओं के मोबाईल पर एच0आई0वी0 / एड्स एवं स्वैच्छिक रक्तदान विषय पर एस0एम0एस0 प्रसारित किये गये।

मास मीडिया :

दूरदर्शन : उत्तराखण्ड दूरदर्शन पर एच0आई0वी0 / एड्स विषय पर सामान्य जानकारी, एच0आई0वी0 को मुख्यधारा में लाने के प्रयास, एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल व उपचार, रक्तसुरक्षा कार्यक्रम, रक्तदान प्रोत्साहन, यौन जनित संक्रमण एवं एच0आई0वी0, आई0सी0टी0सी0 (परामर्श एवं जांच केन्द्र) आदि विषयों पर सितम्बर से फरवरी 2014 में प्रति सप्ताह कुल 20 कार्यक्रम, प्रति कार्यक्रम 30 मिनट का सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें एच0आई0वी0 / एड्स विषय पर दर्शकों से फोन द्वारा सवाल पूछे गये जिसका उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

रेडियो प्रोग्राम : 15 मिनट के 36 लॉग फारमेट रेडियों प्रोग्राम का प्रोडक्शन किया गया। प्रत्येक एपीसोड का प्रसारण सप्ताह में 2 बार आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी, अल्मोड़ा से कुल 108 कार्यक्रम प्रसारित किये गये। प्रत्येक रेडियो कार्यक्रम की अवधि 15 मिनट थी। इसके साथ ही 720 रेडियो जिंगल एवं स्पॉट का प्रसारण दिन में 4 बार आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी, अल्मोड़ा से प्रसारण किया गया है। प्रत्येक रेडियो जिंगल एवं स्पॉट की अवधि 30 सैकेण्ड थी।

आउटडोर मीडिया

ग्लो साइन बोर्ड : रेलवे स्टेशन देहरादून, हरिद्वार एवं ऋषिकेश में एच0आई0वी0 संक्रमण एवं बचाव, यूसैक्स की सेवायें स्वैच्छिक रक्तदान, कलंक एवं भेदभाव के लिए 12 ग्लो साइन बोर्ड सात माह हेतु लगाये गये।

पेसेंजर ट्रेनों पर स्थापित आउटर पैनल

बस बोर्ड द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण पर जागरूकता:– एच0आई0वी0 / एड्स संक्रमण रोकथाम एवं स्वैच्छिक रक्तदान विषय पर गढ़वाल मोटर ऑनर यूनियन की 150 बसों में 5 माह हेतु बस पैनल लगवाये गये। जिससे प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्रों में जनमानस तक सूचनायें पहुंचाई गई।

बसो पर स्थापित बस बैक पैनल

टैम्परेरी होर्डिंग :– यूसैक्स द्वारा 80 होर्डिंग विश्व रक्तदाता दिवस, अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस, राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं विश्व एड्स दिवस पर 05 जनपदों देहरादून, हरिद्वार, उधमसिंहनगर, नैनीताल एंव पौड़ी में 01 माह हेतु लगवाई गई।

इन्फॉमेशन पैनल एट सर्विस सेंटर:– यूसैक्स द्वारा 680 डिस्पले बोर्ड 170 सर्विस सेंटर विभिन्न चिकित्सालयों, सामुदायिक केन्द्रों में लगवाये गये। जिनमें मुख्यतः एच0आई0वी0 / एड्स व स्वैच्छिक रक्तदान, विषय पर संदेश दिये गये थे।

ग्लो साईन लॉली पॉप बोर्ड:– यूसैक्स द्वारा 98 ग्लो साईन लॉली पॉप बोर्ड विभिन्न सर्विस सेंटर जैसे आई0सी0टी0सी0 ब्लड बैंक, सुरक्षा क्लीनिक, विभिन्न चिकित्सालयों, सामुदायिक केन्द्रों में लगवाये गये। जिनमें मुख्यतः एच0आई0वी0 / एड्स व स्वैच्छिक रक्तदान, विषय पर संदेश दिये गये।

आउटर पैनल ऑन पैसेंजर ट्रेन:– यूसैक्स द्वारा 32 आउटर पैनल 02

विशेष दिवसो पर स्थापित टैम्परेरी होर्डिंग

पैसेंजर ट्रेन पर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक माह हेतु लगवाये गये थे। जिनमें मुख्यतः एच0आई0वी0/एड्स व स्वैच्छिक रक्तदान, विषय पर संदेश दिये गये।

मिड मीडिया

सांस्कृतिक दलों का प्रशिक्षण एवं फोक प्रस्तुतियां : यूसैक्स द्वारा दिनांक 03 जून 2014 को डिस्ट्रिट सपोर्ट टीम मैम्बर की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपदों के डी0एस0टी0 मैम्बर द्वारा भाग लिया गया तथा इसी क्रम में 4–6 जून 2014 को सांस्कृतिक दलों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में 31 सांस्कृतिक दलों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नाको, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत स्क्रिप्ट पर इन

संस्कृतिक दल द्वारा एच0आई0वी0/एड्स विषय पर नाटिका प्रस्तुत करते हुए।

दलों को पुनः प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के उपरान्त चयनित 31 सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकारों द्वारा उत्तराखण्ड के दूरदराज के क्षेत्रों में 490 सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। प्रस्तुतियां देने के पूर्व कलाकारों द्वारा गांव व क्षेत्र में घूम–घूम कर लोगों को प्रस्तुतियां देखने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रस्तुतियों के उपरान्त कलाकारों द्वारा प्रश्न उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।

आई0ई0सी0 वैन : एच0आई0वी0/एड्स संक्रमण व बचाव, कलंक एवं भेदभाव एवं स्वैच्छिक रक्तदान पर जागरूकता के लिए 2 आई.ई.सी. वैन किराये पर ली गयी। जिनका फ्लैग ऑफ अपर परियोजना निदेशक महोदय, यूसैक्स द्वारा किया गया था। प्रथम चरण में सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुतियां जनपद अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर में की गई थी। द्वितीय चरण में जनपद देहरादून बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी एवं चम्पावत में की गई।

आई0पी0सी0 वर्कशॉपः– यूसैक्स द्वारा 5 दिवसीय आई0पी0सी0 वर्कशॉप टी0आई0 स्टाफ, टी0आई0 आउटरीच वर्कर्स हेतु आई0पी0सी0 स्किल एवं टूल्स पर रूद्रपुर, उधमसिंहनगर में दिनांक 10–14 नवम्बर को आयोजित कराई गई थी। जिसमें नाको से आये प्रतिनिधि ने भी कार्यशाला में प्रतिभाग किया था। उक्त कार्यशाला में कुमाऊँ मण्डल के समस्त टी.आई.एन.जी.ओ. को आमत्रिंत किया गया।

मेगा इवेंटः– यूसैक्स द्वारा मेगा इवेंट एच0आर0जी0 एवं ब्रिज पॉपूलेशन हेतु हल्द्वानी नैनीताल में दिनांक 10 –11 अक्टूबर 2014 को आयोजित किया गया था। इस मेगा इवेंट में विभिन्न हैल्थ कैम्प, एच0आई0वी0 टैस्टिंग, एस0टी0आई0 कैम्प, कॉण्डम वितरण, आई0पी0सी0 सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियां आयोजित कराई गई।

प्रचार–प्रसार सामग्री : इस वर्ष में विभिन्न अनुभागों की आवश्यकता के अनुरूप कई प्रकार के आई0ई0सी0 सामग्री तैयार किये गये। जैसे पोस्टर, लीफलेट, फोल्डर, ब्रोशर, स्टीकर्स, बुकलेट इत्यादि एवं आई0सी0टी0सी0/एफ0आई0सी0टी0सी0, एस0टी0आई हेतु काउन्सिलिंग फिलप बुक व लिंक ए0आर0टी0 केन्द्र हेतु ए0आर0टी0 फिलप बुक छपवाई गई। इस क्रम में समिति कार्यालय द्वारा वर्ष 2015 हेतु

सर्विस सेन्टर में स्थापित ग्लो साईन लौंती पॉप बोर्ड

वार्षिक डायरी भी छपवाई गई। यह सामग्री जनसमुदाय में वितरित किये गये। नाको, भारत सरकार से प्राप्त सामग्री को रेपलिकेट करने का कार्य भी सम्पन्न किया गया।

इवेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजनः– वर्ष 2014–15 में विभिन्न इवेंट व प्रदर्शनियों का आयोजन किया गयाः–

पाँच दिवसीय आई0पी0सी0 कार्यशाला का आयोजन (कुमाऊं मण्डल के TI-NGO's)

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस एवं विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें मुख्यतः रैली, पोस्टर व डिबेट प्रतियोगिता, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया जिसमें मा0 स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशक आदि सहित हजारों छात्र–छात्राओं, सामाजिक संगठनों, सरकारी व गैर सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आकाशवाणी नजीबाबाद, पौड़ी एवं अल्मोड़ा से रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। इन अवसरों पर विभिन्न समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में विज्ञापन प्रकाशित किये गये।

इसके साथ ही यूसैक्स द्वारा सात दिवसीय बैकुण्ठ चर्तुदशी मेला, श्रीनगर गढ़वाल में दिनांक 5–11 नवम्बर 2014 तक एच0आई0वी0/एड्स रोकथाम सम्बन्धी विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया एंव आइ0एम0एस0 यूनिसन कॉलेज, देहरादून में भी प्रदर्शनी यूसैक्स द्वारा लगाई गई।

एच0आई0वी0/एड्स रोकथाम सम्बन्धी विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन

ब्लड बैंक हरिद्वार मे स्थापित डिस्पले बोर्ड

एच0आई0वी0/एड्स पर जागरूकता के लिये आई.ई.सी. वैन

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर माननीय स्वास्थ मंत्री जी सम्बोधन देते हुए

रेड रिबन क्लब (एच०आई०वी०/एड्स नियन्त्रण की नई विचारधारा)

युवाओं को इस नये उभरते भारत को आगे ले जाना है। उन्हीं के कन्धों पर देश की अर्थव्यवथा, सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेवारी है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एक नवीन पहल के अन्तर्गत देश में एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं में युवाओं को साथ लेकर रेड रिबन क्लबों का गठन किया गया है। यह इसलिए किया गया है कि एच0आई0वी0/एड्स के अधिकांश मामले युवाओं में विशेषकर 15–29 वर्ष के आयु वर्ग के बीच हैं। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि एच0आई0वी0/एड्स के कारण देश की रीढ़ कहे जाने वाले आयु समूह की स्थिति पर्याप्त रूप से विषम हो गई है।

उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में रेड रिबन क्लबों की भूमिका

उत्तराराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति रेड रिबन क्लबों के माध्यम से युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स के संक्रमण से बचाने हेतु कार्ययोजना के अनुरूप निरन्तर प्रगतिशील है। अभी तक प्रदेश में 250 रेड रिबन क्लब उच्च शिक्षण संस्थानों में शुरू किए जा चुके हैं। ये सभी क्लब एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता प्रचारित करने हेतु अपने स्तर से कार्यशील हैं। समिति द्वारा समय–समय पर इन सभी क्लबों की गतिविधियों का प्रालेखन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाता है। नई वित्तीय कार्ययोजना (2014–15) के अन्तर्गत एक नयी सोच के तहत प्रदेश के तकनीकी महाविद्यालयी स्तर पर भी रेड रिबन क्लब खोले गये हैं। इन सभी रेड रिबन क्लबों का राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायता से चिन्हीकरण किया गया। इस प्रकार प्रदेश में कुल 250 रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स से सुरक्षित रखने की अपनी प्रतिबद्धता

तत्कालीन डॉ. जी.एस. जोशी डी.जी. हैल्थ रेड रिबन क्लबों के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए।

निरन्तर सुनिश्चित कर रहे हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि रेड रिबन क्लब युवाओं को एच0आई0वी0/एड्स संक्रमण से बचाने का एक कारगर तरीका है। इसके माध्यम से युवा वर्ग निकटतम रूप से बिना किसी हिचकिचाहट के एच0आई0वी0/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर पारस्परिक चर्चा कर सकेंगें।

वित्तीय वर्ष 2014–15 में रेड रिबन क्लबों का गठन एवं संचालन

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (युवा प्रकोष्ठ) उत्तराखण्ड के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2014–15 में प्रदेश के 250 उच्च शिक्षण संस्थानों में रेड रिबन क्लबों का गठन किया गया।

250 क्लबों में से 170 रेड रिबन क्लबों के गठन एवं संचालन हेतु रू0 7,90,000.00 लाख की धनराशि जिला समन्वयक, एन0एस0एस0, देहरादून एवं 80 रेड रिबन क्लबों के गठन एवं संचालन हेतु रू0 3,60,000.00 की धनराशि वित्त अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल को प्रेषित की गयी।

रेड रिबन के सदस्य द्वारा प्रस्तुत पोस्टर

रेड रिबन क्लबों में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता रैली, स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन, क्लब स्तर पर गोष्ठी, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि समय–समय पर आयोजित की गयी। विश्व एड्स दिवस 01 दिसम्बर 2014 को रेड रिबन क्लबों के लगभग 3000 स्वयं सेवियों द्वारा गांधी पार्क से शुरू हुई राज्य स्तरीय एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त यूसैक्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में रेड रिबन क्लबों द्वारा समय–समय प्रतिभाग किया जाता रहा है।

रवि शंकर बिष्ट
सहा0निदे0, यूथ अफेयर्स
उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, देहरादून

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2014–15

मेनस्ट्रीमिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम एच0आई0वी0 / एड्स पीड़ित व्यक्तियों के प्रति बढ़ते भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार को रोकने हेतु नाको, भारत सरकार द्वारा एच0आई0वी0 को एकमात्र स्वास्थ्य समस्या न मानते हुए एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया गया है। इस चुनौती का सामना करने की सर्वाधिक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को चिन्हित किया गया है।

रणनीति : मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियन्त्रण समिति के आई0ई0सी0 अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराये जाने हेतु राज्य स्तरीय एडवोकेसी एवं एच0आई0वी0 / एड्स विषय पर संवेदीकरण कार्यशालायें एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गयी एवं यह कार्यक्रम विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कराये गये।

मुख्यधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एच0आई0वी0 / एड्स विषय को मुख्यधारा में लाने के साथ ही इससे जुड़े कलंक एवं भेदभाव के व्यवहार को दूर करना, इससे जुड़ी भ्रान्तियों को दूर करना एवं एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत एच0आई0वी0 / एड्स से सम्बन्धित जानकारी, राज्य में एच0आई0वी0 संक्रमण की वर्तमान स्थिति, यूसैक्स द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी एवं यू0एन0 द्वारा दिये गये स्लोगन **"शून्य की ओर" शून्य हो नये एच0आई0वी0 संक्रमण, शून्य हो भेदभाव एंव शून्य हो एड्स से मृत्यु** के उद्देश्य को पूरा करने का प्रयास किया गया।

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों हेतु उनके निवास स्थान से ए0आर0टी0 आने–जाने के लिए निःशुल्क बस पास की सुविधा प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुमानित बजट महानिदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को वित्तीय वर्ष 2015–16 मांग हेतु प्रेषित किया गया। जिसके सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 के बजट में धनराशि का प्राविधान किया जाना है।

एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है क्योंकि समाज में व्याप्त भेदभाव एवं कलंक के व्यवहार के दूर होने से एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकते हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान इन कार्यक्रमों के द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को एच0आई0वी0/एड्स विषय पर जागरूक एवं एच0आई0वी0 पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ हो रहे व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु सम्पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं।

इन प्रशिक्षणों के द्वारा एच0आई0वी0/एड्स को मुख्य धारा में लाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों के क्रम में यूसैक्स द्वारा उत्तराखण्ड पंचायती राज के ट्रेनिंग मॉडयूल में एच0आई0वी0/एड्स को मुख्य विषय के रूप में सम्मिलित कराया गया है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार राज्य में विभिन्न विभागों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु संवेदीकरण कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मेनस्ट्रीमिंग रिपोर्ट 2014–15

क्र0सं0	विभाग/संस्थान	प्रतिभागी
1.	डिस्ट्रिक्ट जेल, देहरादून	67
2.	डिस्ट्रिक्ट जेल, हरिद्वार	46
3.	रेलवे देहरादून	106
4.	रेलवे हरिद्वार	116
5.	एफ0आर0आई0	53
6.	नेहरू युवा केन्द्र, अल्मोडा	42
7.	नेहरू युवा केन्द्र, देहरादून	33
8.	आई0टी0बी0पी0 देहरादून	117
9.	बार एसोसियेशन, देहरादून	75
10.	लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी, मसूरी	98
11.	इन्डस्ट्री डिपार्टमेन्ट, देहरादून	78
12.	डी0आई0पी0आर0 सूचना विभाग	52
13.	यू0टी0सी0 मुख्यालय, देहरादून	76
14.	यू0टी0सी0 वर्कशाप, देहरादून	85
15.	यू0टी0सी0 वर्कशाप, काठगोदाम	81
16.	यूथ वेलफेयर डिपार्टमेन्ट	29
17.	लेबर डिपार्टमेन्ट, देहरादून	37
18.	पर्यटन विभाग, देहरादून	69
19.	पंचायती राज विभाग, हरिद्वार	114
20.	पंचायती राज विभाग, देहरादून	84
21.	पंचायती राज विभाग, नैनीताल	62
22.	पुलिस विभाग, हरिद्वार	77
23.	महिला समाख्या, देहरादून	33
24.	पी0एल0एच0आई0वी0 देहरादून	53
25.	पी0एल0एच0आई0वी0 हल्द्वानी	50
	कुल	**1733**

वित्तीय वर्ष 2014–15 में यूसैक्स द्वारा सीधे स्तर पर 25 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1733 विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एच0आई0वी0/एड्स को मुख्यधारा में लाने एवं एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों के साथ हो रहे कलंक एवं भेदभाव के व्यवहार को दूर करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। साथ ही यूसैक्स द्वारा दी जा रही सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी तथा राज्य में एच0आई0वी0संक्रमण की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी।

प्रशिक्षण के दौरान दी गयी जानकारी के पश्चात विभागों द्वारा उक्त जानकारी को बहुत ही महत्वपूर्ण स्वीकार करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि उनके विभाग या आसपास के समाज में यदि कहीं एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव का व्यवहार होता है तो वह इस विषय पर जानकारी यूसैक्स को उपलब्ध करायेंगे और स्वयं भी प्रयास करेंगे। यूसैक्स द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी भी अधिकतम लोगों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात ही प्राप्त हुई। विभागों के अधिकारियों द्वारा कई व्यक्तियों को आई0सी0टी0सी0 एच0आई0वी0 जाँच हेतु भी भेजा गया और संक्रमित पाये जाने पर ए0आर0टी0 की दवाई लेने को भी प्रेरित किया गया।

वर्ष 2014–15 में मेनस्ट्रीमिंग डिविजन के प्रयासों द्वारा राज्य सरकार द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों हेतु निःशुल्क बस पास सुविधा हेतु रू0 35 लाख के बजट का प्राविधान किया गया है। मुख्यधारा प्रशिक्षण के पश्चात पंचायती राज विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण माड्यूल में एच0आई0वी0/एड्स सम्बन्धित आवश्यक जानकारी सम्मिलित करायी गयी।

मेनस्ट्रीमिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित कार्यशालाएँ

देखभाल, सहयोग एवं उपचार (Care Support & Treatment)

HIV/AIDS के साथ जी रहे लोगो के लिए देखभाल, सहायता और उपचार सुविधा

यह कार्यक्रम अवसरवादी संक्रमणों की रोकथाम और उपचार, एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी, मानसिक और सामाजिक सहायता, घर–आधारित देखभाल और संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए पीएलएचए को व्यापक प्रबंधन उपलब्ध करवाता है।

एच.आई.वी./एड्स के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारत सरकार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (NACP) को 100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में कार्यान्वित कर रही है। एंटी रेट्रोवायरल उपचार (ART) की व्यापक पंहुच के परिणामस्वरूप एड्स संबंधित कारकों के कारण मरने वाले लोगों की अनुमानित संख्या में गिरावट आई है।

भारत में ए.आर.टी. कार्यक्रम की शुरूआत 01–अप्रैल–2004 को की गयी थी। ए.आर.टी. के लिए राष्ट्रीय मार्ग निर्देशों को वर्ष 2004 में पहली बार प्रकाशित किया गया और फिर मई 2007 में इन्हें संशोधित किया गया। यह दिशा निर्देश (Guidelines) वयस्कों और बच्चों के लिए अलग–अलग बनाये गये है। नाको के दिशा निर्देश विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दिशा निर्देशों को आधार बनाकर तैयार किये गये और यह सार्वजनिक स्वास्थ्य दृष्टिकोण का पालन करते है। ये दिशा निर्देश सरलीकृत प्रथम पंक्ति (First Line ART) और दूसरी पंक्ति (Second Line ART) के ए.आर.टी. उपचार का प्राविधान करते है।

नाको के अनुमान के अनुसार 2004 से निःशुल्क ए.आर.टी. के विस्तार ने देश में 2011 तक एड्स संबंधित कारणों से होने वाली मौतो को टालकर 1.5 लाख से अधिक लोगो के जीवन की रक्षा की है। ए.आर.टी. के व्यापक उपयोग के परिणाम स्वरूप अनुमानित वार्षिक एड्स संबंधित मौतो में वर्ष 2007 में 2.07 लाख मौतों की संख्या घटकर वर्ष 2011 में 1.48 हो गई है और इस प्रकार 29 प्रतिशत की गिरावट आई है।

संक्रमित व्यक्ति में निम्न रूग्णता और मृत्यु साथ ही एच.आई. वी. संचरण की निम्न सम्भावनाओं की दृष्टि से पी.एल.एच.आई.वी (People Living with HIV/AIDS) को लाभ प्रदान करने के लिए उच्चतर सी.डी.4 काउन्ट (वर्तमान में <350 की तुलना में <500) पर ए. आर.टी. उपचार शुरू की जाएगी। इसके अलावा टी.बी. के सभी रोगियों, गर्भवती महिलाओं, 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के लिए चाहें उनका सी.डी.4 काउन्ट कुछ भी हो, आजीवन ए.आर.टी. की शुरूआत की जायेगी।

- शुरू में ही उपचार विफलता का पता लगाने के लिए समय–समय पर वाइरल जांच भार के माध्यम से रोगियों की बेहतर मॉनीटरिंग के लिए एक प्रणाली तैयार करना।
- दूसरी पंक्ति की ए.आर.टी. विफलता के मामले में रोगियों के लिए तीसरी पंक्ति की ए.आर.टी. की व्यवस्था करना।
- ये दिशानिर्देश हमे एच.आई.वी. उपचार को सभी की पहुच में लाने, माँ से शिशु को एच.आई.वी. संचरण को समाप्त करने, एच.आई.वी./एड्स के कारण होने वाली मृत्यु और नये संक्रमणों में और अधिक कमी लाने के हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे।

